मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 88 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 09 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

कोई मुंह काला कर रहा है तो कोई सिर मुंडवा रहा है

सिवनी यशोः- पिछले दिनों संपन्न हुये विधानसभा चुनाव के परिणाम आ गये परंतु तीन राज्यों में मु यमंत्री कौन होगा इसको लेकर बीजेपी में मंथन चल रहा है तो वहीं चुनाव परिणामों के पूर्व सुर्खियाँ बटोरने के लिये बडबोलापन दिखाने वाले ऐसे नेता और समर्थक जिनके अनुसार परिणाम नहीं आये तो वे मुश्किल में फंस गये है और उनमें से कोई अब मुंह काला करा रहा है तो कोई अपनी मूंछ कटवाा रहा है तो एक ऐसे भी समर्थक है जो आधा सिर मुडवाने पर मजबूर हुये है । मध्यप्रदेश के एक बडबोले कांग्रेसी नेता है फूल सिंह बरैया जिन्होंने मध्य प्रदेश कहा था कि यदि मध्यप्रदेश में भाजपा की 50 सीटे भी आ गयी तो वह राजभवन के सामने अपने मुंह काला कर लेंगे और जब चुनाव परिणाम आये तो भाजपा को 163 सीटे मिली और वे हंसी के पात्र बन गये । उनसे विरोधी बार बार मुंह काला कब करोओगें कहने लगे तो वे राजभवन की ओर मुंह पर कालिक पोतने निकले परंतु कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह ने उन्हें काला टीका लगाकर ऐसा करने से रोका । राजधानी भोपाल में गुरुवार को बड़ा पॉलिटिकल ड्रामा देखने बड़ी सं या में लोग एकत्रित हो गये थे । इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में खल्लारी विधानसभा से बीजेपी उ मीदवार हार जाती है तो वह अपने आधे बाल और आध मूंछ को मुंडवा लेगा. दुर्भाग्य वश खल्लारी विधानसभा सीट पर बीजेपी की हार हुई और कांग्रेस उ मीदवार की जीत हुई । शर्त के मुताबिक राम यादव अपना आधा सिर और आधी मूंछ को मुंडवा कर घूम रहा है । इस हार जीत के चक्कर में अनेक बड़बोले फंस गये है छत्तीसगढ़ के एक कांग्रेसी नेता अमरजीत भी सुर्खियों में है जिन्होंने कह दिया था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह अपनी मूंछ मुंडवा लेंगे अब युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता उन पर दबाव बना रहे है और सेविंग का सामान उनके घर पहुँचा दिया है । चुनाव में अनेक तरह की शर्ते और सट्टे लगे परंतु कुछ चर्चित शर्ते सुर्खियों में बनी हुयी है ।

अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा दिखी भाजपा में

निजाम भी हमारा है मर्जी भी हमारी है हमारा कौन या कर लेगा सरकार हमारी है

सिवनी से उठी चिंगारी में फूंक गयी केवलारी और लखनादौन विधानसभा

भाजपाई कार्यकर्त्ताओं का कहना है कि ऐसा कोई कारण नहीं था कि भाजपा हारती

विधानसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण के बाद से कथित अनुशासित पार्टी भाजपा में हुई अनुशासनहीनता और भाजपाइयों के अमर्यादित आचरण पर आम जनता के बीच आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है । भाजपा कार्य कर्ताओं द्वारा भ्रम की भंग पीकर हुड़दंग मचाने पर भाजपा का मौन भी आश्चर्यजनक है ।
समाचार विश्लेषक : टी कामारि

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश विधानसभा के संपन्न चुनाव के बाद बुरी तरह प्रदेश में हारने वाली कांग्रेस हार के कारणों को खोज रही है तो वहीं विधानसभा चुनाव में हारने वाले और जीतने वाले प्रत्याशी भी भीतरघातियों की शिकायते कर रहे है । कांग्रेस में भीतरघातियों से केवल कांग्रेस ही परेशान नहीं रही इस बार के चुनाव में अनुशासन के लिये पहचानी जाने वाली भाजपा में भी अनुशासनहीनता बड़े स्तर पर दिखाई दी कांग्रेस पार्टी में भीतरघात की बीमारी कोई नई नहीं है और यहाँ पर यह सब सामान्य बात है परंतु भाजपा में जिस तरह से खुलकर अनुशासन हीनता इस विधानसभा चुनाव में दिखाई दी वह भाजपा के लिये चिंता का विषय है । विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों ने इस आशय की शिकायत भी पार्टी संगठन से की है । समझा जा रहा है पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न रहने वाले पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के विरोध में भाजपा बड़ी कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कर सकता है । जानकारी के अनुसार सिवनी जिले की चारो विधानसभाओं के प्रत्याशियों ने विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी काम कर पार्टी को कमजोर करने वालों की शिकायते जिला संगठन और प्रदेश नेतृत्व से की है । चल रही चर्चाओं के अनुसार पार्टी विरोधी गतिविधियों में अनेक बहुत जि मेदार व्यक्तियों के नाम भी शामिल है ।

जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश नेतृत्व इस बात से बुरी तरह चिंतित है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को जिला मु यालय से उकसाया जाता रहा । पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में सिवनी जिला मु यालय में चुनाव के दौरान अनेक समझाईशों के बावजूद विराम नहीं लगा और इस का बहुत बुरा प्रभाव जिले की अन्य विधानसभाओं में विरोधियों को प्रोत्साहित करने में सहायक रहा है, सिवनी विधानसभा में परिणाम भले ही अनुकूल आ गये हो परंतु इस प्रकार की गतिविधियों से जिले की दो विधानसभाओं में भाजपा को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा । चल रही चर्चाओं के अनुसार पार्टी विरोधी गतिविधियों में अनेक वरिष्ठ नेताओं के साथ भाजपा जिला संगठन के पदाधिकारियों के नाम भी शामिल होने से भाजपा नेतृत्व की चिंता अधिक बढ़ गयी है ।

यहाँ बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के सूत्र इस बात का दावा कर रहे है कि सिवनी जिले की चारों विधानसभाओं में भाजपा ने जितनी अधिक मेहनत की थी उसके अनुसार किसी भी विधानसभा में 51 प्रतिशत मतो से कम प्राप्त नहीं होना था और चुनाव के दौरान भाजपा के अलावा अन्य अनुसांगिक संगठनों के द्वारा जी तोड़ मेहनत की गयी थी इसके साथ ही भाजपा महिला मोर्चा सहित अन्य मोर्चो के द्वारा प्रदेश स्तर से चुनाव में जीत के लिये पृथक से कार्यक्रम बनकर आये थे । महिला मोर्चे के कार्यो की चुनाव के दौरान हर दिन प्रदेश स्तर से समीक्षा हो रही थी उसके बाद भी दो विधानसभा में भाजपा की हार के साथ ही जीती हुई दोनो विधानसभाओं में वोटों की सं या भाजपा की अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने से भाजपा के प्रदेश संगठन को हैरानी है ।

यहाँ बता दें कि भाजपा को केवलारी विधानसभा में मिली हार के साथ बहुत बड़ा अंतर बुरी तरह परेशान किये हुये है, जबकि इस विधानसभा में भाजपा को जीत की पूरी संभावना थी । जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश नेतृत्व को हर स्तर से यहाँ जीत की गारंटी प्राप्त हो रही थी । 2018 के चुनाव में यहाँ से भाजपा के प्रत्याशी राकेश पाल सिंह को 85839 मत प्राप्त हुये थे जो कुल मतों का 43 प्रतिशत था परंतु 2023 के चुनाव के लिये भाजपा ने संगठनात्मक ताकत बढ़ाने के लिये बूथ स्तर तक कसावट की उसके पश्चात कुल मतों का भाजपा को केवल 38.58 प्रतिशत 89054 मत प्राप्त हुये और कांग्रेस को 53 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त होना भाजपा को हैरान किये हुये है । सूत्र बताते है कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व इस हार के आवश्यक कारणों का बारीकी से अध्ययन कर रहा है ।

केवलारी विधानसभा में भाजपा की हार के लिये प्रमुख कारण जो व्यापक चर्चा में है वह भाजपा की अनुशासनहीनता है और जि मेदार पदाधिकारियों ने भाजपा का खुला विरोध करते हुये कांग्रेस के प्रत्याशी से सांठगाँठ और कई समझौते होने की जानकारी चर्चाओं में है । चल रही चर्चाओं के अनुसार भाजपा के व्यक्तियों ने कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा प्रत्याशी को हराने का षडयंत्र किया और चुनाव के दौरान अनेक स्थानों पर प्रायोजित विरोध कराकर चुनाव में वातावरण बिगाड़ने का काम किया पूरे चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह इस बिगड़ी हुई स्थिती को संभाल नहीं पाये और पूरे चुनाव के दौरान अकेले चुनाव लड़ते नजर आये ।

अनुशासन के लिये पहचानी जाने वाली भाजपा के अंदर इस तरह की अनुशासनहीनता वह जि मेदार करते हुये नजर आ रहे थे जो पार्टी को अपनी माँ कहते हुये नहीं थकते और इस प्रकार की निष्ठा दिखाने वालों ने अपनी मां के साथ जिस तरह से गद्दारी की है वह समूची भाजपा को शर्मसार करने के लिये काफी है । बताते है कि जो इस प्रकार से भाजपा के अनुशासन को तार तार कर रहे थे उन्हें इस बात का संबल था कि निजाम भी हमारा है मर्जी भी हमारी है हमारा कौन या कर लेगा सरकार हमारी है और उनका यह संबल केवलारी और लखनादौन में भाजपा को हराने में सफल साबित हुआ ।

भाजपा के वे कार्यकर्त्ता जिन्होंने पूरी ताकत के साथ काम किया है वे पार्टी के विरोध में काम करने वालों पर कार्यवाही की मांग कर रहे है जो सोशल मीडिया में दिख रहा है ।

बाइक की टक्कर से तीन घायल, दो की हालत गंभीर

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के किंदरई थाने के पास गुरुवार शाम दो बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिनमें से दो लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार बरेली से किंदरई के बीच दो बाइक आपस मे टकरा गई। जिनमें राजेश भगदिया पिता गोपाल सिंह भगदिया (39) निवासी मवई, लोकमन सैयाम पिता चरन लाल (26) निवासी पददीकोना, मुकेश सैयाम पिता भैया लाल सैयाम (29) निवासी खुर्सीपार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस और 108 को दी। इसके बाद ए बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर लाया गया। डॉ टर ने प्राथमिक उपचार के बाद 2 लोगों की ग भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

राष्ट्रीय एकता शिविर पटना, बिहार में चयनित रा.से.यो स्वयंसेवक संजय सिंह बंजारा ने पूरे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया

सिवनी यशोः- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टे नॉलोजी पटना,बिहार में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संपोषित एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर (National Integration Camp) का आयोजन 02 दिसंबर 2023 से लेकर 8 दिसंबर 2023 तक हुआ जिसमें देश के अलग-अलग 12 राज्यों के बहुत से राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया जिसमें से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से 6 स्वयंसेवकों का चयन हुआ जिनमें से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी, जिला-सिवनी के स्वयंसेवक संजय सिंह बंजारा का भी चयन हुआ जिन्होंने इस शिविर में पूरे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। बिहार के राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक श्री गिरिधर उपाध्याय जी ने कहा कि इस राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत 12 राज्यों के विद्यार्थियों को एक प्लेटफार्म पर भारतीय संस्कृति को समझने का पूरा मौका मिला।

इस शिविर में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों जैसे की शैक्षणिक कार्यक्रम, योगा सत्र और बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया तथा सभी राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग पटना जू (PATNA ZOO) भ्रमण के लिए ले जाया गया।

इस राष्ट्रीय एकता शिविर में चयनित होने पर संजय सिंह बंजारा ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर अशोक कुमार मराठे एवं रा.से.यो. जिला संगठक डॉ. डी.पी. ग्वालवंशी एवं अपने महाविद्यालय के रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गणेश मंतारे एवं डॉ. पूनम अहिरवार का आभार व्यक्त किया।

कांग्रेस सांसद का पुतला दहन आज दोपहर 01 बजे

सिवनी यशोः- झारखंड कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और उनके करीबियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में अनैतिक तरीके से कमाये हुये 200 करोड़ रुपये कैश बरामद किए गए हैं। सिवनी जिला भाजपा कांग्रेस की भ्रष्ट और अनैतिक गतिविधियों का विरोध करते हुये कांग्रेस सांसद धीरज साहू का आज शनिवार 09 दिसंबर को दोपहर 01 बजे कचहरी चौक में सिवनी नगर भाजपा के उत्तर एवं दक्षिण मंडल के तत्वाधान में पुतला दहन करेगी ।

भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष संजय सोनी एवं दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अभिषेक दुबे ने समस्त भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्त्ताओं एवं आमजनों से इस पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थिती की अपील की है ।

नेशनल लोक अदालत आज

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में शुक्रवार 09 दिस बर 23 को जिला न्यायालय परिसर सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं तहसील न्यायालय घंसौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में नगरपालिका निगमों/ नगरपालिका परिषद एवं विद्युत से संबंधित प्रकरणों में छूट मिलेगी। जिलास्तर एवं तहसील स्तर पर आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में राजीनामा के आधार पर निपटारा किया जाएगा।

डीएसपी ने मर्डन स्कूल में छात्रों को बताये यातायात के नियम

सिवनी यशोः- मॉडर्न हाई स्कूल छिंदवाड़ा चौक में डीएसपी महिला डेस्क प्रदीप वाल्मीकि द्वारा उपस्थित छात्राओं को देशभक्ति जन सेवा स्वास्थ्य खेलकूद क्राइम एवं यातायात संबंधी जानकारी देकर सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाया इस अवसर पर मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक एवं मास्टर्स एथलेटि स संघ के अध्यक्ष जनक तिवारी सर साइ पब्लिक स्कूल के संचालक हरिनखेडे सर खेलकूद प्रशिक्षक मनीष मोनू मिश्रा संजय शर्मा सचिव जिला एथलेटि स संघ संतोष अग्रवाल सर संतोष चौबे सर सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थी

जबरन नॉलेज

बीएसएनएल एवं सिंचाई हेतु बिजली का मामला उठाया डॉ. बिसेन ने

सिवनी यशोः- वर्तमान समय डिजीटल का है, अधिकांश कार्य ऑनलाईन ही संपन्न हो रहे है, बीएसएनएल का नेटवर्क देश के सुदूर ग्रामों तक फैला हुआ है। बीएसएनएल अभी तक 2 जी से आगे नहीं बढ़ पाया है जबकि अन्य मोबाइल कंपनियां 4 जी और 5 जी तक पहुंच गई है। संसदीय क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत बीएसएनएल का नेटवर्क की कनें टविटी काफी कमजोर होने से विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं शासकीय कार्यालयों के कार्यो के संपादन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह किसानों को सिंचाई हेतु जो बिजली की आपूर्ति की जा रही है, उस व्यवस्था में सुधार की अत्यंत आवश्यकता है।

उक्ताशय के दोनों मामलें बालाघाट सिवनी सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन द्वारा गत दिवस लोकसभा के शीतकालीन सत्र में आसंदी के समक्ष रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में चाहे पढ़ाई लिखाई हो या किसानी कार्य, शासकीय कार्य, व्यवसायिक कार्य और बैंकिंग कार्य, यहां तक की सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य हो सभी ऑनलाइन होते है।देश में बीएसएनएल का ही नेटवर्क ऐसा है जो सुदूर अंचलों तक अपनी सेवाऐं दे रहा है। अन्य स्पर्धी कंपनियां 4 जी, 5 जी तक पहुंच गई है किंतु बीएसएनएल अभी 2 जी पर ही अटका हुआ है, जिसके कारण इसके उपयोगकर्ता नेटवर्क की परेशानी को लेकर परेशान रहते है। संसदीय क्षेत्र बालाघाट अंतर्गत आने वाले बालाघाट एवं सिवनी जिले के सुदूर अंचल मेंबीएसएनएल का नेटवर्क अत्याधिक कमजोर होने से आम लोगों को संबंधित ऑनलाइन के कार्यो के संपादन में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो बड़ी विषम परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ता है। डॉ. बिसेन ने आसंदी से आग्रह किया किविभागीय मंत्री इस संबंध में संज्ञान लेकर व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें ताकि आमजनों को राहत मिल सके और सरकार का उपक्रम भी अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाऐं दे सके।

सांसद के निज सचिव सतीश ठाकरे ने बताया है कि डॉ. बिसेन ने नियम 377 के अधीन किसानों को सिंचाई हेतु बिजली आपूर्ति की विसंगति का मामला सदन के सामने रखते हुए कहा कि किसानों को सिंचाई हेतु दो पाली में 10 घंटे बिजली दी जा रही है। पहली पाली दिन में और दूसरी रात में बिजली आपूर्ति की जाती है, किंतु इस मौसम में रात की पाली में सिंचाई करना किसानों के लिए न केवल पीड़ा दायक है वरन जंगली जानवरों के कारण जान की जोखिम भी बनी रहती है।विगत कुछ सालों से बालाघाट संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सिवनी जिले में कई लोग जंगली जानवर का शिकार हो चुके है। किसानों के समक्ष वोल्टेज भी एक समस्या है, जिससे खेतों में सिंचाई का कार्य भी बाधित होते रहता है और इसका विपरीत प्रभाव उनकी फसल उत्पादन पर पड़ता है। डॉ. बिसेन ने संबंधित विभागीय मंत्री से आग्रह किया कि किसानों के हित में कम से कम बिजली आपूर्ति निर्वाध रूप से 18 घंटे दी जाये साथ में ऐसी व्यवस्था हो कि आपूर्ति की अधिकांश व्यवस्था दिन में ही की जाये। संसद के शीतकालीन सत्र में सांसद डॉ. बिसेन द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाय) अंतर्गत बालाघाट संसदीय क्षेत्र में चयन किये गये गांवों की जानकारी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से मांगी गई जिसके एवज में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ए.नारायण स्वामी द्वारा बालाघाट एवं सिवनी जिले के चयनित गांवों का ब्यौरा लिखित में दिया गया।

स्टेट कराते चैंपियनशिप 29 एवं दिसं. को

सिवनी यशोः- जिला करते संघ सिवनी ट्रेडिशनल एंड स्पोर्ट्स शोतोकान कराते डू इंडिया के तत्वाधान में कई वर्षो से सिवनी में कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है शिहान ओमकार कश्यप ने बताया कि आगामी 29 एवं 30 दिसंबर 2023 को स्टेट कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मध्य प्रदेश के जांबाज खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में भाग लेने आ रहे हैं। स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला, दुर्गा चौक के हाल में चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें 6 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी भाग लेंगे।



जिसमें काता एवं कुमिते विद्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप नए नियम के आधार पर होगी। कराते खिलाड़ी अधिक जानकारी लेने के लिए कराते ट्रेनिंग सेंटर, साकर सिटी में शिहान ओमकार कश्यप मो. 9424357021 / 9752061301 / 8871664315 में जानकारी या संपर्क कर सकते हैं इस चैंपियनशिप में कराते खिलाड़ियों का एक जबरदस्त मेला देखने को मिलेगा। चैंपियनशिप की लगभग समस्त तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

चार प्रमुख धामो में से एक बद्रीनाथ मन्दिर की संपूर्ण कथा।

भोपाल(विसंके). बद्रीनाथ मंदिर, जिसे बदरीनारायण मंदिर भी कहते हैं, अलकनंदा नदी के किनारे उत्तराखंड राज्य में स्थित है। यह मंदिर भगवान विष्णु के रूप बदरीनाथ को समर्पित है। यह हिन्दुओं के चार धाम में से एक धाम भी है। ऋषिकेश से यह 294 किलोमीटर की दूरी पर उत्तर दिशा में स्थित है।

ये पंच-बदरी में से एक बद्री हैं। उत्तराखंड में पंच बदरी, पंच केदार तथा पंच प्रयाग पौराणिक दृष्टि से तथा हिन्दू धर्म की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।

बदरीनाथ उत्तर दिशा में हिमालय की उपत्यका में अवस्थित हिन्दुओं का मु य यात्राधाम माना जाता है। मन्दिर में नर-नारायण विग्रह की पूजा होती है और अखण्ड दीप जलता है, जो कि अचल ज्ञानज्योति का प्रतीक है। यह भारत के चार धामों में प्रमुख तीर्थ-स्थल है। प्रत्येक हिन्दू की यह कामना होती है कि वह बदरीनाथ का दर्शन एक बार अवश्य ही करे। यहाँ पर शीत के कारण अलकनन्दा में स्नान करना अत्यन्त ही कठिन है। अलकनन्दा के तो दर्शन ही किये जाते हैं। यात्री तप्तकुण्ड में स्नान करते हैं। यहाँ वनतुलसी की माला, चने की कच्ची दाल, गिरी का गोला और मिश्री आदि का प्रसाद चढ़ाया जाता है।

छोटा चार धाम।

बदरीनाथ की मूर्ति शालग्रामशिला से बनी हुई, चतुर्भुज ध्यानमुद्रा में है। कहा जाता है कि यह मूर्ति देवताओं ने नारदकुण्ड से निकालकर स्थापित की थी। सिद्ध, ऋषि, मुनि इसके प्रधान अर्चक थे। जब बौद्धों का प्राबल्य हुआ तब उन्होंने इसे बुद्ध की मूर्ति मानकर पूजा आर भ की। शंकराचार्य की प्रचार-यात्रा के समय बौद्ध तिब्बत भागते हुए मूर्ति को अलकनन्दा में फेंक गए। शंकराचार्य ने अलकनन्दा से पुनः बाहर निकालकर उसकी स्थापना की। तदनन्तर मूर्ति पुनः स्थानान्तरित हो गयी और तीसरी बार तप्तकुण्ड से निकालकर रामानुजाचार्य ने इसकी स्थापना की।

पौराणिक महत्व

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई, तो यह 12 धाराओं में बंट गई। इस स्थान पर मौजूद धारा अलकनंदा के नाम से वि यात हुई और यह स्थान बदरीनाथ, भगवान विष्णु का वास बना। भगवान विष्णु

की प्रतिमा वाला वर्तमान मंदिर 3,133 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है और माना जाता है कि आदि शंकराचार्य, आठवीं शताब्दी के दार्शनिक संत ने इसका निर्माण कराया था। इसके पश्चिम में 27 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बदरीनाथ शिखर कि ऊँचाई 7,138 मीटर है। बदरीनाथ में एक मंदिर है, जिसमें बदरीनाथ या विष्णु की वेदी है। यह 2,000 वर्ष से भी अधिक समय से एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान रहा है।

पौराणिक कथाओं और यहाँ की लोक कथाओं के अनुसार यहाँ नीलकंठ पर्वत के समीप भगवान विष्णु ने बाल रूप में अवतरण किया। यह स्थान पहले शिव भूमि (केदार भूमि) के रूप में व्यवस्थित था। भगवान विष्णुजी अपने ध्यानयोग हेतु स्थान खोज रहे थे और उन्हें अलकनंदा नदी के समीप यह स्थान बहुत भा गया। उन्होंने वर्तमान चरणपादुका स्थल पर (नीलकंठ पर्वत के समीप) ऋषि गंगा और अलकनंदा नदी के संगम के समीप बाल रूप में अवतरण किया और क्रंदन करने लगे। उनका रुदन सुन कर माता पार्वती का हृदय द्रवित हो उठा। फिर माता पार्वती और शिवजी स्वयं उस बालक के समीप उपस्थित हो गए। माता ने पूछा कि बालक तु हें या चहिये? तो बालक ने ध्यानयोग करने हेतु वह स्थान मांग लिया। इस तरह से रूप बदल कर भगवान विष्णु ने शिव-पार्वती से यह स्थान अपने ध्यानयोग हेतु प्राप्त कर लिया। यही पवित्र स्थान आज बदरीविशाल के नाम से सर्वविदित है।

बदरीनाथधाम की कथा

जब भगवान विष्णु योगध्यान मुद्रा में तपस्या में लीन थे तो बहुत अधिक हिमपात होने लगा। भगवान विष्णु हिम में पूरी तरह डूब चुके थे। उनकी इस दशा को देख कर माता लक्ष्मी का हृदय द्रवित हो उठा और उन्होंने स्वयं भगवान विष्णु के समीप खड़े हो कर एक बेर (बदरी) के वृक्ष का रूप ले लिया और समस्त हिम को अपने ऊपर सहने लगीं। माता लक्ष्मीजी भगवान विष्णु को धूप, वर्षा और हिम से बचाने की कठोर तपस्या में जुट गयीं। कई वर्षों बाद जब भगवान विष्णु ने अपना तप पूर्ण किया तो देखा कि लक्ष्मीजी हिम से ढकी पड़ी हैं। तो उन्होंने माता लक्ष्मी के तप को देख कर कहा कि हे देवी! तुमने भी मेरे ही बराबर तप किया है सो आज से इस धाम पर मुझे तु हारे ही साथ पूजा जायेगा और योंकि तुमने मेरी रक्षा बदरी वृक्ष के रूप में की है सो आज से मुझे बदरी के नाथ-बदरीनाथ के नाम से जाना जायेगा। इस तरह से भगवान विष्णु का नाम बदरीनाथ पड़ा।

जहाँ भगवान बदरीनाथ ने तप किया था, वही पवित्र-स्थल आज तप्त-कुण्ड के नाम से विश्व-वि यात है और उनके तप के रूप में आज भी उस कुण्ड में हर मौसम में गर्म पानी उपलब्ध रहता है।

दर्शनीय स्थल

बदरीनाथ में तथा इसके समीप अन्य दर्शनीय स्थल हैं-

अलकनंदा के तट पर स्थित तप्त-कुंड

धार्मिक अनुष्ठानों के लिए इस्तेमाल होने वाला एक समतल चबूतरा- ब्रह्म कपाल

पौराणिक कथाओं में उल्लिखित सांप (साँपों का जोड़ा)

शेषनाग की कथित छाप वाला एक शिलाखंडङ्कशेषनेत्र

चरणपादुका - जिसके बारे में कहा जाता है कि यह भगवान विष्णु के पैरों के निशान हैं; (यहीं भगवान विष्णु ने बालरूप में अवतरण किया था।)

बदरीनाथ से नज़र आने वाला बर्फ़ से ढंका ऊँचा शिखर नीलकंठ।

माता मूर्ति मंदिर - जिन्हें बदरीनाथ भगवान जी की माता के रूप में पूजा जाता है।

माणा गाँव- इसे भारत का अंतिम गाँव भी कहा जाता है।

वेद व्यास गुफा, गणेश गुफा- यहीं वेदों और उपनिषदों का लेखन कार्य हुआ था।

भीम पुल - भीम ने सरस्वती नदी को पार करने हेतु एक भारी चट्टान को नदी के ऊपर रखा था जिसे भीम पुल के नाम से जाना जाता है।

वसु धारा - यहाँ अष्ट-वसुओं ने तपस्या की थी। ये जगह माणा से 8 किलोमीटर दूर है। कहते हैं की जिसके ऊपर इसकी बूंदे पड़ जाती हैं उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं और वो पापी नहीं होता है।

लक्ष्मी वन - यह वन लक्ष्मी माता के वन के नाम से प्रसिद्ध है।

सतोपंथ (स्वर्गारोहिणी) - कहा जाता है कि इसी स्थान से राजा युधिष्ठिर ने सदेह स्वर्ग को प्रस्थान किया था।

अलकापुरी - अलकनंदा नदी का उद्गम स्थान। इसे धन के देवता कुबेर का भी निवास स्थान माना जाता है।

सरस्वती नदी - पूरे भारत में केवल माणा गाँव में ही यह नदी प्रकट रूप में है।

भगवान विष्णु के तप से उनकी जंघा से एक अप्सरा उत्पन्न हुई जो उर्वशी नाम से वि यात हुई। बदरीनाथ कस्बे के समीप ही बामणी गाँव में उनका मंदिर है।

एक विचित्र सी बात है।.. जब भी आप बदरीनाथ जी के दर्शन करें तो उस पर्वत (नारायण पर्वत) की चोटी की और देखेंगे तो पाएंगे की मंदिर के ऊपर पर्वत की चोटी शेषनाग के रूप में अवस्थित है। शेष नाग के प्राकृतिक फन स्पष्ट देखे जा सकते हैं।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने आयुक्त संदीप रजक को राष्ट्रीय अवार्ड से किया स मानित

संदीप रजक को सर्वश्रेष्ठ राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राष्ट्रपति अवार्ड मध्यप्रदेश के लिए गौरव

भोपाल । महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय अवार्ड सर्वश्रेष्ठ राज्य दिव्यांगता आयुक्त अवार्ड से मध्य प्रदेश के आयुक्त निःशक्तजन श्री संदीप रजक को विज्ञान भवन में स मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय डॉ वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा भौमिक, श्री रामदास आठवले, श्री के नारायण स्वामी सचिव श्री राजेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव किशोर सुरवाड़े उपस्थित थे। प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, दिव्यांगजनो के लिये शिक्षण, पुनर्वास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल, बाधा रहित वातावरण के साथ ही यूडीआईडी कार्ड बनाने में देश में सबसे बेहतर कार्य किया गया है। श्री रजक द्वारा निरंतर जिला स्तर पर चलित न्यायालय, एडवोकेसी बैठकों के माध्यम से दिव्यांगजनों की समस्याओं के निराकरण और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया गया है। प्रदेश में कार्यरत शासकीय एवं अशासकीय संगठनों को साथ में लेकर प्रत्येक जिले में दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये शिविरों, जनजागरुकता कार्यक्रम किए गए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर श्री रजक को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त होना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। इसके साथ ही मप्र राज्य को सुग य भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए भी स मानित किया गया।

मु यमंत्री श्री चौहान ने दिए ठंड के मद्देनजर व्यापक इंतजाम के निर्देश

भोपाल । मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त नगरीय निकायों को ठंड के मद्देनजर व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि समस्त आश्रय स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों में ठंड से बचाव के लिये अलाव की व्यवस्था की जाए। आश्रय स्थल में नहाने के लिए गर्म पानी, ओढ़ने के लिए रजाई एवं कबंल उपलब्ध कराये जायें। मोबाइल वैन के माध्यम से रात्रि के समय फेरे लगाकर बेघरों को आश्रय स्थल तक सुविधाजनक तरीके से पहुँचाना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि मु यमंत्री ने विगत दिनों राजधानी के शाहजानी पार्क स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया था। श्री चौहान ने निर्देशित किया है कि ऐसे नगरीय निकाय जहां स्थाई आश्रय स्थल नही हैं, वहाँ अस्थाई तौर पर किराए के भवन में अथवा खाली पड़े निकाय के अधिकृत किसी भवन में आश्रय स्थल प्रारंभ कर समस्त शहरी बेघरों को आश्रय एवं अन्य राहत प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।

देश में पहली बारः इंदौर में महिला से पुरुष बने युवक ने की शादी, बहन की सहेली को बनाया पत्नी

इंदौर। इंदौर में महिला से पुरुष बने एक युवक ने युवती से शादी की है। यह देश का पहला मामला है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अक्तूबर महीने में ट्रांसजेंडर विवाह को कानूनी मान्यता दी गई थी। इसके बाद इंदौर में गुरुवार को महिला से पुरुष बने युवक ने स्पेशल मैरिज ऐ ट के तहत युवती से शादी की। यह शादी अलका से अस्तित्व बने युवक और युवती आस्था के बीच हुई है।

बता दें कि कोर्ट मैरिज में दोनों परिवारों के 25 लोग शामिल हुए। बीते साल अलका ने अपने 47वें जन्मदिन पर सर्जरी करवाकर अपना जेंडर स्त्री से पुरुष करवा लिया था। इसके बाद उसने अपना नाम बदलकर अस्तित्व कर लिया।

बहन की सहेली से की शादी

अस्तित्व ने आस्था से शादी की है, जो उसकी बहन की सहेली है। आस्था को शुरू से ही इस बदलाव की जानकारी थी। उसे अलका के अस्तित्व बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया गया था। आस्था का कहना था कि हमने बहुत विचार करने के बाद शादी करने का निर्णय लिया। दोनों परिवारों को भी इसमें कोई समस्या नहीं थी। इसके बाद दोनों ने अपर कले टर रोशन राय को अपनी स्थिति समझाते हुए विवाह का आवेदन दिया।

या है स्पेशल मैरिज ए ट

स्पेशल मैरिज ऐ ट सभी धर्मों पर लागू होता है। इस कानून के तहत शादी रजिस्टर करवाने के लिए धर्म बदलने की जरूरत नहीं है, फिर चाहे वो हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध या किसी भी धर्म का हो। इस कानून के जरिए भारत के हर नागरिक को ये संवैधानिक अधिकार दिया गया है कि वो जिस धर्म या जाति में चाहे, वहां शादी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ट्रांसजेंडर की शादियों का मामला विषमलैंगिक संबंध की प्रकृति का है और इसे भी कानूनी मान्यता दी जानी चाहिए।

मु यमंत्री चौहान से जनसंपर्क मंत्री राजेन्द्र शु ल ने की भेंट

भोपाल। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज समत्व भवन, मु यमंत्री निवास में जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शु ल ने भेंट की। मु यमंत्री श्री चौहान एवं मंत्री श्री शु ल ने परस्पर बधाईयों का आदान-प्रदान किया।

दुर्लभ हत्याकांड के आरोपित पर गोलियां चलाने वाले छह बदमाशों को भेजा जेल

उज्जैन। नानाखेड़ा थाने के समीप मंगलवार शाम को दुर्लभ कश्यप हत्याकांड के आरोपित शाहनवाज की कार पर बदमाशों ने गोलियां चलाई थी। पुलिस ने 11 आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। बुधवार को छह आरोपितों को गिर तार कर पिस्टल व दो बाइक जब्त की है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि दुर्लभ कश्यप हत्याकांड का आरोपित शाहनवाज पुत्र शब्बीर हुसैन निवासी हेलावाड़ी मंगलवार को नीलगंगा थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई मारपीट के मामले में गवाही देने के लिए कोर्ट गया था। यहां कोर्ट परिसर में उसे अभिषेक वाल्मीकि व एक अन्य ने घेर लिया और जान से मारने की धमकी दी थी। कोर्ट में गवाही देकर शाहनवाज अपने साले

रमीज, दोस्त जावेद व भाई शादाब व जाहिद के साथ कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 3007 से घर लौट रहा था। कार शाहनवाज का भाई शादाब चला रहा था।

फायर से कार का कांच टूटा

कार जैसे ही नानाखेड़ा थाने के समीप पहुंची तो कुछ बदमाश बाइक से आए और कार रोक ली और उसी दौरान एक बदमाश ने पिस्टल से गोलियां चलाना शुरू कर दी। एक गोली कार की खिड़की के ऊपर लग गई और दूसरी से कार की खिड़की का कांच फूट गया था। गनीमत रही कि दोनों गोलियां किसी को नहीं लगी। इसके बाद बदमाश वहां से भाग निकले।

11 आरोपितों पर केस दर्ज, बाकी की तलाश

पुलिस ने मामले में शाहनवाज की शिकायत पर अभिषेक शर्मा, बाबू टायर, पीयूष बो सर, अभिषेक वाल्मीकि, सूर्या उर्फ यश सौदे, साजन परमार, शुभम महावर, सचिन वर्मा, नीलू संगत के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा 307 सहित अन्य के तहत केस दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने मामले में पीयूष रघुवंशी, बाबू, सचिन, साजन, शुभम और सूर्या को गिर तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। पुलिस बाकी अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

अंतरजातीय विवाह के खिलाफ अभियान शुरू करेगा सिंधी समाज

बैरागढ़ के संस्कार सभागार में आयोजित बैठक में सिंधी समाज के प्रबुद्धजनों ने विवाह के कुछ समय बाद ही रिश्ते टूटने की समस्या पर चिंता प्रकट की।

भोपाल । सिंधी समाज अंतरजातीय विवाह के खिलाफ अभियान शुरू करेगा। विवाह योग्य युवक, युवतियों को लव जिहाद के खतरों के बारे में भी बताया जाएगा। संस्कार कक्षाएं शुरू की जाएंगी, ताकि नई पीढ़ी को अंतरजातीय विवाह से भविष्य में होने वाली परेशानियों के बारे में जागरूक किया जा सके।

अभियान को लेकर हुई चर्चा

संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) के संस्कार सभागार में आयोजित बैठक में समाज के वरिष्ठ समाजसेवी दिल्ली-एनसीआर निवासी जवाहर बुलवानी ने देशभर में शुरू किए गए अभियान

की जानकारी दी। बुद्धिजीवियों की बैठक का आयोजन किया जिसमें 88 वर्षीय शिक्षाविद् विष्णु गेहानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, संस्कार संस्था के सचिव बंसत चेलानी, चंद्र नागदेव, सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक वासुदेव वाधवानी, चन्द्रप्रकाश ईसरानी, सुरेश जसवानी, नरेश चोटरानी, राष्ट्रीय सिंधी मंच के संयोजक रोशनलाल उतवानी, जिला भोपाल अध्यक्ष हीरो ईसरानी आदि शामिल हुए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के दौरान ही संस्कार दिए जाएं। कन्याओं को इस बात की जानकारी दें कि लव जिहाद तथा अंतरजातीय विवाह से या- या नुकसान हैं।

देर से हो रहे विवाह पर चिंता

बैठक में इस बात पर भी चिंता प्रकट की गई कि आज के दौर में युवाओं के विवाह देर से हो रहे हैं। जब विवाह देर से हो रहे हैं, तो कई रिश्ते टूट रहे हैं, जो बाद में अभिभावकों के लिए बहुत बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। इन समस्याओं के निदान के लिए समाज को जागरूक करने के साथ ही खासतौर पर लव जिहाद एवं अंतरजातीय विवाह के खिलाफ स ती से कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की गई।

कर्ज लेकर विधायक बनने वाले कमलेश्वर डोडियार बाइक लेकर रतलाम से भोपाल विधानसभा भवन पहुंचे

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के परिणाम तो चौंकाने वाले ही हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी नाम है, जिन्होंने चुनाव जीतकर सभी को चौंका दिया। उनमें से एक नाम कमलेश डोडियार का है, जिन्होंने रतलाम की सैलाना सीट से जीत कर सभी को चौंका दिया। दरअसल, कमलेश डोडियार ने भारत आदिवासी पार्टी से चुनाव लड़ते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी हर्ष विजय को पराजित किया है खास बात यह है कि कमलेश डोडियार ने 12 लाख रुपए कर्ज लेकर विधानसभा का चुनाव लड़ा और उनके माता-पिता दोनों मजदूरी करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते विधायक कमलेश को रतलाम से भोपाल तक का

सफर बाइक से तय करना पड़ा।

गुरुवार को राजधानी भोपाल विधानसभा भवन पहुंचे भारत आदिवासी पार्टी से विधायक कमलेश डोडियार ने बताया कि उनके पास कार नहीं है और उन्होंने कर्ज लेकर चुनाव लड़ा ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। बस और ट्रेन से सफर करने में उन्हें काफी समय लगता है इसलिए उन्होंने 350 किलोमीटर का सफर बाइक से ही तय किया। जब कमलेश डोडियार विधानसभा में अपने डॉ यूमेंट सबमिट करने के लिए भोपाल पहुंचे तो उन्हें देखकर विधानसभा भवन के कर्मचारी हैरान हो गए। प्यार ब्लैक दरअसल कमलेश डोडियार ब्लैक कलर की स्प्लेंडर बाइक से विधानसभा भवन पहुंचे। विधायक को बाइक से आता देख कर्मचारी हैरान हो गए। कमलेश की बाइक पर इंग्लिश में MLA लिखा हुआ था।

कहने सुनने और देखने में तो यह अजीब सा लग रहा है, लेकिन कमलेश्वर डोडियार ने 12 लाख का कर्ज लेकर चुनाव लड़ा है, उन्होंने कांग्रेस उ मीदवार हर्ष विजय गहलोत को 4618 वोट से पराजित किया। कमलेश्वर को 71,219 वोट मिले और हर्ष विजय को 66,601 वोट मिले। वहीं भाजपा की संगीता चारेल तीसरे स्थान पर रहीं। इस सीट पर प्रदेश का सबसे अधिक मतदान (90.08%) हुआ था। यह वोट कमलेश्वर के लिए था।

कमलनाथ के पीसीसी चीफ पद से इस्तीफे की अफवाह, प्रदेश कांग्रेस ने किया खंडन

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पद से इस्तीफा देने की अटकलों ने जोर पकड़ा है। गुरुवार शाम खबर आई कि उन्होंने दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व को त्याग पत्र सौंप दिया है। थोड़ी देर बार प्रदेश कांग्रेस ने इसका खंडन कर खबर भ्रामक बताई है।

एक तरफ भाजपा की प्रचंड जीत के बाद सीएम के नाम को लेकर सियासी हलचल मची हुई है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस में उठापटक की अटकलें हैं। 2023 के चुनावों में करारी हार के बाद से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के पीसीसी चीफ का पद छोड़ने की अटकलें लग रही हैं। गुरुवार देर शाम कमलनाथ के इस्तीफा देने की जानकारी वायरल होने लगी। इसके बाद कमलनाथ के मीडिया समन्वयक पीयूष बबेले ने इस्तीफा देने की खबर का खंडन किया है। मप्र कांग्रेस ने भी ट्वीट कर खबर को भ्रामक और असत्य बताया।

बता दें कि दिल्ली में होने वाली हाईलेवल मीटिंग में कमलनाथ के कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के कयास लगाए जा रहे थे। कमलनाथ बीते छह साल से मप्र कांग्रेस अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। 2018 का चुनाव कमलनाथ के नेतृत्व में लड़कर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी और 15 साल बाद प्रदेश में सत्ता पाई थी। 15 महीने सरकार चलाने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। जिससे कमलनाथ के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। भाजपा ने शिवराज के नेतृत्व में सरकार बनाई थी।

इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मु यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 2023 में सत्ता वापसी के लिए कड़ी मेहनत की। हालांकि 2023 के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में नहीं आए और 2018 की 114 सीटों के मुकाबले इस बार कांग्रेस 66 सीटों पर सिमट गई। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व बदलाव की मांग उठी थी। हालांकि पार्टी का एक पक्ष आगामी लोकसभा चुनाव तक उनके पीसीसी चीफ बने रहने के पक्ष में है।

मोबाईल लोक अदालत का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में गुरूववार 08 दिस बर 23 को मोबाईल लोक अदालत आयोजित हुई। जिसमें कुल 04 प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों में दोनों पक्षों को समझाईश देने के बाद मोबाईल लोक अदालत में राजीनामें के आधार पर पीठासीन अधिकारी मोबाईल लोक अदालत श्री केशव कुमार ने कुल 04 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निराकरण किया। मोबाईल लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी की सहायता के लिए श्रीमती पार्वती डहेरिया पैरालीगल वालेन्टियर खण्डपीठ सदस्य के रुप में उपस्थित रहे।

द कैथोलिक हेल्थ एसोसिएशन ऑफ़ मध्य प्रदेश टी आई प्रोजे ट

सिवनी यशोः- विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में एड्स जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसमे लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के द्वारा मिशन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मैं आज जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया है जिसमें प्रोग्राम मैनेजर नीति ढाकरे द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स की जानकारी देते हुए एचआईवी के होने के कारण एवं बचाव के कारण बताए गए एचआईवी एड्स से संबंधित प्रश्न किए गए जिसमें विद्यार्थी के द्वारा जवाब देने पर परियोजना के द्वारा उन्हें पुरस्कार से संबोधित किया गया परियोजना से परामर्शदाता दुर्गा गढेवाल, आउटरीच वर्कर शोभा पंडोले, संगीता पटले, पीयर एजुकेटर शंकर अग्रवाल, माही किन्नर , उच्च जोखिम समूह, उपस्थित रहे परियोजना के द्वारा विद्यालय के लिए विश्व एड्स दिवस पर स्मृति स मान चिन्ह देखकर स मानित किया गया

प्रदेश में भाजपा की जीत पर खुशियाँ मनायी

कहानी यशोः- तीन राज्यों में विधानसभा में बंपर बहुमत के साथ सरकार बनने की खुशियों से नगर कहानी भाजपा मंडल भी छा गया परिणाम आने के दूसरे दिन मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह गुमास्ता के नेतृत्व में कार्यालय कहानी में ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ एक कुंटल विभिन्न प्रकार के मिष्ठान को सुसज्जित कर पहुंचने वाले जनमानस को बांटा गया वही सिवनी जिले में दो विधायकों की भी खुशी मंडल कहानी के द्वारा मीठा वितरण कर मनाई गई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल अध्यक्ष है हेमेंद्र सिंह गुमास्ता मुकेश शिवहरे महेश राय श्याम पटेल चंद्रशेखर राय सुशील अग्रवाल जवाहर कॉलोनी गोलू राय धीरज गुप्ता एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी ने सहयोग किया

पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत संपत्ति विरूपण को लेकर आदेश जारी

सिवनी यशोः- पंचायत उप निर्वाचन 2023 के निर्वाचन दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अ यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार प्रसार करने के लिये शासकीय आशासकीय भवनों में नारे लिखे जाते है बैनर लगाये जात है पोस्टर चिपकाये जाते है तथा विद्युत एवं टेलीफोन के ख बों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झण्डियों लगाई जाती है जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता हैं। इस संबंध में शासन द्वारा मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 पारित किया गया है। इस अधिनियम की धारा -3 में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी व्यक्ति जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से लगने वाली किसी संपत्ति को रंग या किसी अन्य पदार्थ में लिखकर या चिन्हांकित करके उसे विरूपित करेगा तो दण्डनीय अपराध होगा तथा इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा -5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी कर सिवनी जिले की जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच पंच एवं जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना है ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान यदि विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लडने वाले अ यर्थियों द्वारा किसी शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है अथवा विद्युत एवं टेलीफोन विभाग के शासकीय संपत्ति को विकृत किया जाता है तो ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने के लिए तथा चुनावी नारे मिटाने के लिये जिले के प्रत्येक संबंधित थाने में लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से पदस्थ किया जाता है। इस दस्ते में लोक निर्माण विभाग के स्थाई गेंग के पर्याप्त सं या में कर्मचारी पदस्थ रहेंगे यह लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता टी आई थाना प्रभारी के सीधे देख रेख में कार्य करेगा इस दस्ते को सहयोग देने के लिये और स्थल पर जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये संबंधित थाने का एक सहायक उपनिरीक्षक मु यालय पटवारी एवं स्थानीय निकाय के एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जावे इस दस्ते को एक वाहन भी उपलब्ध कराया जाये जिस पर लोक शांति सुरक्षा दस्ता का बैनर लगा होना चाहिए लोक निर्माण विभाग स्थानीय निकाय द्वारा इस दस्ते को लोक संपत्ति के विरूपण से बचने के लिये सभी आवश्यक सामग्री जैसे गेरू चुना कूची बांस एवं सीढी आदि सुविधा उपलब्ध कराई जाये यह लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता निर्वाचन की समाप्ति तक टी आई थाना प्रभारी के सीधे देख रेख में अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिदिन भ्रमण करते हुय लोक संपत्ति को विरूपित करने से रोकेगा। यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लडने वाले अ यर्थी द्वारा नगरीय निकाय के निर्वाचन क्षेत्र में किसी निजी संपत्ति को बिना उसके स्वामी की लिखित सहमति के बगैर विरूपित किया जाता है तो निजी संपत्ति के सवामी द्वारा संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता निजि संपत्ति को विरूपित होने से ब बचाने की कार्यवाही करेगा एवं थाना प्रभारी संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर विधिवत जांच कर सक्षम न्यायालय में चालान प्रस्तुत करेंगे। थाना प्रभारी लोक संपत्ति्?ा विरूपण से संबंधित प्राप्त शिकायतों को एक पंजी में पंजीबद्ध करेंगे तथा शिकायत की जांच कर तथ्य सही पाये जाने पर लोक संपत्ति सुक्ष दस्ता को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करेंगे। थाना प्रभारी उपरोक्त के संबंध में की गई कार्यवाही से संबंधित प्रतिवेदन प्रतिदिन नियमित रूप से जिला निर्वाचन कार्यालय सिवनी, संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर संपत्ति विरूपण नोडल अधिकारी को भेजेंगे।

कोलाहल नियंत्रण को लेकर आदेश जारी

सिवनी यशोः- पंचायत उप निर्वाचन - 2023 को दृष्टिगत रखते हुये निर्वाचन के दौरान प्रचार प्रसार कार्य में लगे लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग व तेज आवाज से आम जन की शांति भंग होती है तथा इस प्रकार होने वाले ध्वनि प्रदूषण से लोक प्रशांति को भंग होने से रोकने के लिए मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 की धारा - 18 के अंतर्गत 11 जनववरी 2024 तक की अवधि के लिए सिवनी जिले के जिन ग्राम पंचायतों में सरपंच पंच एवं जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना है ऐसी संबंधित ग्राम पंचायत वार्ड के निर्वाचन क्षेत्र को कोलाहल नियंत्रण क्षेत्र घोषित किया जाता है उपरोक्त उल्लेखित अवधि में सक्षम अधिकारी की लिखित अनुज्ञा के बिना जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 2 ध के अंतर्गत सिवनी जिले में पदस्थ समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार को उक्त अधिनियम के तहत सक्षम अधिकारी घोषित किया जाता है। निर्वाचन प्रयोजनों के लिए आम सभाओं के दौरान किसी भी प्रकार के वाहनों में लगाये गये लाउडस्पीकर या सार्वजनिक अभिभाषण प्रणाली या किसी भी प्रकार के ध्वनि प्रवर्धक का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य नहीं किया जावेगा आर्थात किसी भी प्रकार की ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग की अनुमति प्रातः 6 बजे के पूर्व व रात्रि 10 के बाद नही दी जा सकेगी। वाहनों से चुनाव प्रचार की अनुमति आवेदन करने पर ही दी जा सकेगी। वाहन से प्रचार करते समय अनुमति के साथ वाहन का पंजीयन रखना अनिवार्य होगा तथा बिना अनुमति लाउडस्पीकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग या अनुमति में निर्दिष्ट अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् लाउडस्पीकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करते पाये जाने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं वाहन जप्त कर लिया जावेगा तथा दोषी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए करें ऑनलाईन आवेदन

सिवनी यशोः- परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर 1 अप्रैल 2019 के पहले रजिस्टर्ड वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अंतिम तारीख 15 दिसंबर निर्धारित कर दी गई है। 15 दिसंबर के बाद बगैर हाई सि योरिटी नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन और वाहन मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी और दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले परिवहन विभाग द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी वाहनों में 15 जनवरी 2024 तक हाई सि योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगा दिए जाएं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के बाद रजिस्टर्ड हो रहे वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट पहले से ही लगाई जा रही हैं।

हाई सि योरिटी नंबर प्लेट में आसानी से और साफ नंबर दिखाई देगा, नंबर प्लेट पंच होने से आसानी कोई बदल नहीं सकेगा। नंबर प्लेट से वाहन और वाहन मालिक की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। डुप्लीकेट नंबर प्लेट नहीं बन पाती। वाहन सुरक्षित रहता है। नंबर प्लेट के ऊपर बाई और नीले रंग का होलोग्राम होता है, जिसके नीचे 10 अंक की स्थायी पहचान सं या पिन की जाती है, जिसे स्कैन करते ही वाहन की पूरी जानकारी मिल जाती है। साथ ही पंजीकृत नंबरों पर हॉट स्टेप फिल्म लगी होती है जिसमें नीले रंग में शॉर्ट इंडिया लिखा होता है।

जिला परिवहन अधिकारी सिवनी श्री देवेश बाथम ने बताया कि आमजन हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए https://www.siam.in/hrspsubmit.asp&?mpgid=~v&pgidtrail=~v पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

ग्राम झिंझरई में किसानों को खाद वितरण की गई

सिवनी यशोः-सिवनी जिला से सुदूर आदिवासी ग्राम 22 गांव का सेंटर ग्राम में सहकारिता सोसायटी के सरकारी उप केंद्र झिंझरई में प्रतिवर्ष की भाती आज किसानों को खाद वितरण की गई वही किसानों की मांग हे उक्त खसरा नंबर 156 में निर्मित खाद बीज सरकारी गोदाम के चारो ओर बाउंड्री बाल बनाने किसानों की मांग हे वही उक्त सरकारी गोदाम में किसानों के लिए एक लेट और बाथ भी बनाने की मांग जिला प्रशासन से करते हे वही किसानों ने जिला प्रशासन और मीडिया का हृदय से शुकिया करते हे

कार और मैजिक की टक्कर में तीन की मौत एक गंभीर

सिवनी यशोः- सिवनी की एक बिना नंबर की कार का बुधवार को शाम के समय ऐं सटेंड छिंदवाड़ा में हो गया है जिसमें तीन व्यक्तियों की मोत हो गयी एवं एक गंभीर रूप से घायल है जिसे उपाचार के लिये नागपुर रेफर किया गया है ।

जानकारी के अनुसार कुंडीपूरा थाना क्षेत्र के सिवनी रोड पर बुधवार शाम चार बजे मैजिक एवं कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नागपुर रेफर कर दिया गया है। घटना शाम 4.30 बजे के आसपास हुई। बुधवार को हुये हादसे की जानकारी एक की मौत की फोन पर दी गयी थी परंतु दुर्घटना इतनी जबरदस्त की थी तीनों व्यक्तियों की घटना स्थल पर मौत हो गयी । बताया जाता है कार एक मैजिक की टक्कर से चकनाचूर हो चुकी थी और कार में सवार तीन व्यक्तियों को बड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया था ।

जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा के सिंगोड़ी निवासी सोनू पिता संतोष चन्द्रवंशी(22) बुधवार शाम मैजिक एमपी28 जेड 7286 लेकर सिवनी से छिंदवाड़ा जा रहा था। गाड़ी में वह अकेले था। वहीं जिला सिवनी के छपारा निवासी अन्नू यादव सहित उसके तीन साथी बिना नंबर की कार लेकर छिंदवाड़ा से सिवनी जा रहे थे। बुधवार शाम लगभग 4.30 बजे दोनों वाहन की सिवनी रोड स्थित श्रीजी रिसोर्ट के पास आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मैजिक का चालक सोनू एवं कार में सवार सिवनी के छपारा निवासी अन्नू यादव पिता राम यादव(35), चौरई के कपूर्दा के माचीवाड़ा निवासी मोहनलाल सनोडिया पिता सहेस सनोडिया(36) की मौत हो गई। वहीं कार में सवार तीसरे व्यक्ति सिवनी जिले के खैरी निवासी मुकेश सनोडिया पिता संतोष सनोडिया(25) बुरी तरह ज मी हो गए। हालत गंभीर होने पर उन्हें नागपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि बुधवार को दिन भर बारिश होने मौसम में ठंडक थी सिवनी से छिंदवाड़ा जा रही मैजिक की र तार बहुत अधिक थी वहीं छिंदवाड़ा से सिवनी आ रहे कार की र तार भी तेज होने से अनियंत्रित हो गयी और मैजिक से टकरा गयी । टक्कर इतनी अधिक जोरदार थी कि कार के दोनों हिस्से एक हो गये और कार में सवार सभी बुरी तरह दब गये और सभी को निकाल पाना मुश्किल था। पुलिस ने जेसीबी बुलाकर बचाव कार्य प्रारंभ किया। दोनों दरवाजे किसी तरह तोड़े गए। तब जाकर शव निकाले जा सके। इस दौरान कुछ देर के लिए सडक़ पर जाम भी लगा रहा।

बलात्कारी को 20 वर्ष की सजा

सिवनी यशोः- अपने नाना-नानी के पास सिवनी में रहकर पढ़ाई कर रही 13 वर्ष की नाबालिग पीड़िता ने थाना कोतवाली में एक आवेदन दिनांक 29/5/2019 को दिया कि संदीप उर्फ संजू निर्मलकर पिता नरेन्द्र निर्मलकर उम्र 22 वर्ष निवासी झुलेलाल कॉलोनी सिवनी ने डरा धमकाकर पिछले 1 वर्ष से लगातार उसके साथ बलात्कार किया है और लगातार उसे परेशान कर रहा है, जिसकी सूचना उसके द्वारा उसकी नानी तथा बाल कल्याण समिति सिवनी के सदस्यों को दी गई थी,पीड़िता के आवेदन पर कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली सिवनी ने आरोपी संदीप उर्फ संजू निर्मलकर के विरुद्ध अपराध क्रमांक 471/21 धारा 376, 373(3), 376(2)n भादवि, धारा 3,4,5द्य,6 पॉ सो ऐ ट,धारा 3(1)2(2),3(2)(5) sc/st ऐ ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के उपरान्त अभियोग पत्र माननीय विशेष पॉ सो कोर्ट मे प्रस्तुत किया,शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती दीपा ठाकुर जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी, ने गवाह एव सबूत माननीय कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किये, तथा अंतिम तर्क के समय विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट मे बताया कि पीड़िता एक 13 वर्ष की नाबालिग बच्ची है जिसकी सोचने समझने की छमता विकसित नही हुई है, आरोपी के कृत्य से उसके कोमल मन मस्तिष्क मैं बुरा प्रभाव पड़ा है, अभियोजन के तर्क से सहमत होते हुए माननीय पॉ सो कोर्ट ने आरोपी संदीप उर्फ संजू निर्मलकर को धारा 376(3)भादवि मैं 20 वर्ष की सजा एवम 1 हज़ार रुपये जुर्माना,धारा 3,4(2) पॉ सोऐ ट मैं 20 वर्ष की कठोर सजा एवं 1 हज़ार रु जुर्माना, धारा 5(द्य),6 पॉ सो ऐ ट मैं 20 वर्ष की कठोर सजा एवं 1 हज़ार रुपए जुर्माना से दंडित किया है तथा 1 लाख रू प्रतिकर राशि पीड़ित को देने का आदेश पारित किया हैं।

पी जी कॉलेज में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष पर किया गया आयोजन

सिवनी यशोः- महाविद्यालय में एनसीसी इकाई के नेतृत्व में इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर 2023 पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कैडेट्स व महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मिलेट्स के उपयोग तथा खेती के संबंध में ऐ सपर्ट सुश्री दीक्षा गेडाम (एग्रीकल्चर व हॉर्टिकल्चर ऑफिसर सिंवनी) ने जानकारी प्रदान की। आपने बताया कि मिलेट्स को किसी भी प्रकार की जमीन पर उगाया जा सकता चाहे वह उपजाऊ हो या बंजर हो। बताया कि सिंवनी की जलवायु मिलेट्स की खेती के लिए उपयुक्त है। साथ ही मिलेट्स उन क्षेत्रों में जहां पानी की कमी है या जमीन पहाड़ी नुमा है, वहाँ भी मिलेट्स उगाया जा सकता है। मिलेट्स को धान व गेहूं की तुलना में बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है। कुछ मु य मिलेट्स में ज्वार, बाजरा, कंगनी, जई, रागी, कोरले आदि शामिल है। कुल 13 प्रकार के मिलेट्स है। एनसीसी अधिकारी लेर् टनेंट डॅा पवन वासनिक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये कार्यक्रम की रूपरेखा समझाया। कहा कि संयुक्त राष्ट महासभा द्वारा 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मोटे अनाज के उपयोग व उत्पादन में वृद्धि कर इसे ज्यादा लोकप्रिय बनाना है। भारत के द्वारा संयुक्त राष्ट में मिलेट्स वर्ष के लिए प्रस्ताव रखा था जिसे अनेको राष्ट्रों ने समर्थन दिया था।

कॉलेज के अनिल बिंझिया, सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने मिलेट्स का परिचय प्रस्तुत कर बताया कि मोटे अनाज में हमारे शरीर को स्वस्थ रखने वाले पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में है। इनका उपयोग करने से हम सुगर, बीपी व अन्य कई असाध्य बीमारियों को नियंत्रित कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते है।

डॅा प्रतिभा गुप्ता प्रोफेसर गणित ने केडेट्स को बताया कि हमे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक है। इसके लिए मिलेट्स को अपनी थाली में अवश्य शामिल करना चाहिए। यह सुपाच्य व शक्तिवर्धक है। कार्यक्रम में डॉ रेशमा खान, डॉ श्याम सिंह राहंगडाले, श्रीमती भावना तिवारी ने भी अपने विचार रखे।

राजभवन में विकसित भारत अभियान @2047 की तैयारियों की समीक्षा हुई

आभासी माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी 11 दिस बर को करेंगे शुभार भ

भोपाल । विकसित भारत अभियान ञ्2047 के शुभार भ कार्यक्रम की तैयारियों की आधिकारिक स्तर पर समीक्षा बैठक आज राजभवन में स पन्न हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 11 दिस बर को आभासी माध्यम से कार्यक्रम का शुभार भ करेंगे। भोपाल मेंआयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विश्वविद्यालयों के छात्र, संकाय सदस्य उपस्थित होंगे। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के प्राध्यापक तथा छात्र कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़ेंगे। आभासी माध्यम से कार्यक्रम के शुभार भ उपरांत राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इसमें विशेषज्ञों के पेनल डिस्कशन और राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के संबोधन के कार्यक्रम होंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

यह जानकारी राजभवन में आज हुई बैठक में दी गई। अपर मु य सचिव उच्च शिक्षा श्री के.सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, भोपाल स्थित केन्द्रीय, शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति और चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा के अखिल भारतीय संस्थानों के निदेशक उपस्थित थे। प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि वर्चुअली शामिल हुए।

राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा ने विकसित भारत ञ्2047 की संकल्पना और 11 दिस बर से 25 दिस बर तक की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आभासी माध्यम से शुभार भ कार्यक्रम के उपरांत पेनल डिस्कशन के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में इनोवेशन, साइन्स एण्ड टे नॉलोजी और थ्राइविंग एण्ड सस्टेनेबल इकोनॉमी विषयों पर विशेषज्ञों के पेनल डिस्कशन किये जायेंगे। वर्ष 2047 में विकसित भारत अभियान की संकल्पना पर छात्र-छात्राओं के मध्य चर्चा का आयोजन भी होगा।

खिलाड़ियों का जोश, जज्बा और हुनर प्रेरणादायी

प्रतियोगिता का हर खिलाड़ी अपने आप में विजेता - राज्यपाल पटेल

राष्ट्रीय अस्थिबाधित महिला-पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता उद्घाटित

भोपाल । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हार-जीत तो आती जाती रहती है। हौंसला बना रहना चाहिए। परिणाम नहीं प्रयास महत्वपूर्ण होता है। परिणाम बदलते रहते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों से कहा कि उनका जोश, जज्?बा और हुनर भावी पीढ़ी और संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा के पुंज हैं। प्रतियोगिता का हर खिलाड़ी अपने आप में विजेता है, जिन्होंने अपनी ज़िद और जुनून से अपनी शारीरिक कमज़ोरियों को हराया है। पटेल आज कैंपियन स्कूल के खेल मैदान में आयोजित अस्थिबाधित

क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभार भ कार्यक्रम में दिव्यांग खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक चुनौतियों के बीच स्वरोजगार और रोजगार की विभिन्न गतिविधियों के साथ ही खेलों में भी सक्रिय भागीदारी, स्वाभिमान और स्वावलंबन की दृढ़ इच्छाशक्ति और सामर्थ्य को वह सलाम करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष, एकाग्रता, दृढ़ संकल्प और आत्म विश्वास से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों ने साबित किया है कि कोई भी कमजोरी हौसलों से बड़ी नहीं हो सकती है। जीवन में हौसलों, हुनर और हि मत से सब कुछ पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी मानते है कि ÷एक अंग की कमजोरी व्यक्ति की कमजोरी नहीं होती,÷ उन्होंने निश्शक्त जनों को दिव्यांगजन नाम देकर उनके प्रति सरकार के भाव और भावना को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने दिव्यांगजनों के हितार्थ स्वावलंबन, पुनर्वास की अनेक कल्याणकारी और दिव्यांगजन सहयोगी योजनाएं और ऐ सेसिबल इंडिया कैंपेन चलाया है।

नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ी देश की प्रेरणा हैं। उन्होंने देश में विशिष्ट पहचान बनाई है, ` योंकि उन्होंने अपनी कमियों पर नहीं, अपनी विशिष्टताओं पर ध्यान दिया है। उसे अपनी शक्ति बनाया है। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच पहुँचने के लिए राज्यपाल के प्रति आभार ज्ञापित किया। उनके आगमन से कार्यक्रम को भव्यता, दिव्यता प्राप्त हुई है।

उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसायटी की श्रीमती दीप्ति पटवा ने आभार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दी। बताया गया कि टूर्नामेंट में कुल 8 राज्यों की टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 6 राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान और आंध्र प्रदेश की टीमें शामिल हैं। महिला वर्ग में 4 राज्यों महाराष्ट्र, झारखंड, ज मू कश्मीर और मध्यप्रदेश की टीमें भाग ले रही हैं।

डॉ आंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर किया गया बाबा साहब को याद

बरघाट यशोः - बाबा साहेब आंबेडकर की 66 वीं पुण्यतिथि पर बरघाट में बस स्टैंड में डा. अंबेडकर जी व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। बुधवार को बस स्टैंड पर समाजसेवी संगठन तथागत पंचशील कल्याण समिति, नगर कांग्रेस कमेटी व नगर परिषद द्वारा भारत रत्न डा.अ बेडकर व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित जनों ने बाबा साहब के आदर्शों पर जयघोष किया। मौन धारण कर आदरांजलि व्यक्त करते हुए सामाजिक उत्थान की शपथ दिलाई। इस मौके पर बरघाट नगर परिषद इमरता साहू, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, पार्षद अभिलाष गोलू मालवी, असंत उइके, ज्ञानसिंह चौधरी , हेमंत राहंगडाले मौजूद थे। वही सामाजिक बंधुओं में तीरथ प्रसाद गजभिये, संजीव चौहान, मौजूद रहे, वहीं कांग्रेस नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील अवधवाल, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र जायसवाल, पूर्व पार्षद महेंद्र महोबिया, राजेश लुधियाना, मनोज सूर्यवंशी, युगल चौधरी सहित अन्य व्यक्ति मौजूद थे।

एचडीएफसी मण्डला ब्रांच में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, बैंक सहकर्मियों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

मु य अतिथि के रूप में मौजूद रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने भी किया रक्तदान

मंडला यशोः- शुक्रवार को एचडीएफसी मंडला ब्रांच के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यहां मु य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं महर्षि विद्या मंदिर प्राचार्य डॉ. उपेन्द्र शु ला मौजूद रहे। सर्वप्रथम यहां मु य प्रबंधक राजेन्द्र सिंह वर्मा एवं सिद्धार्थ जैन के द्वारा मु य अतिथि के रूप में मौजूद रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा का पुष्पगुच्छ से भेंट किया गया। जिसके पश्चात् रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा ने भी रक्तदान किया साथ ही उन्होंने कहा कि खून में

आयरन की अधिक मात्रा ब्लड वेसल्स को ब्लॉक कर देती हैं। जिसकी वजह से हार्ट अटैक की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में ब्लड डोनेट करने से शरीर से ऐ स्ट्रा आयरन रिलीज होता है और आपको स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। काफी लोगों को लगता है कि ब्लड डोनेट करने के बाद उनके शरीर में कमजोरी, इ यूनिटी लेवल का कम होना, किसी भी तरह का इंफे शन तेजी से फैलता है, ऐसा नही है जबकि ऐ सपर्ट का मानना है कि ब्लड डोनेट करने से इ यूनिटी लेवल के कम हो जाने का कोई कारण नहीं होता। बस जब हम ब्लड को डोनेट करते हैं तो शरीर में रेड ब्लड सेल्स कम हो जाती है। वहीं मु य प्रबंधक राजेन्द्र सिंह वर्मा ने बताया कि जिले में ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए हमारा दायित्व है कि जिले में रक्त इकाई की यथासंभव उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत ही बड़ा दान होता है। जिससे आप एक साथ कई लोगों की जान बचा सकते हैं। हर साल एचडीएफसी बैंक के द्वारा दिसंबर माह में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है जिसका मकसद लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। यहां कुछ 50 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इस दौरान बैंक परिसर के सहकर्मियों पवन राजपूत, कमलेश नंदा, प्रियंक खरे, शशि भूषण, सागर पलहोरे, दीपक कोरी, सिद्धार्थ मानिकपुरी, अरविंद मिश्रा, विकास रहंगडाले, आकाश विश्वकर्मा, शुभम तिवारी सहित एचडीएफसी बैंक के समस्त स्टॉफ ने रक्तदान महादान शिविर में हिस्सा लिया। अंत में सिद्धार्थ जैन के द्वारा सभी सहकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए लोगों से अपील की है कि सभी साल में दो बार आवश्य रक्तदान करना चाहिए। चूंकि रक्तदान द्वारा किसी को नवजीवन देकर जो आत्मिक आनन्द मिलता है उसका न तो कोई मूल्य आँका जा सकता है न ही उसे शब्दों में व्यक्त किया जा सकता है। चिकित्सकों का यह मानना है कि रक्तदान खून में कोलेस्ट्रॉल की अधिकता रक्त प्रवाह में बाधा डालती है। रक्त दान शरीर द्वारा रक्त बनाने की क्रिया को भी तीव्र कर देता है।

वन स्टॉप सेंटर सखी ने चलाया जागरूकता अभियान

मंडला यशोः- वन स्टॉप सेंटर सखी मंडला द्वारा बस स्टैंड एवं रानी अवंती बाई वार्ड मण्डला में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं के प्रति सभी प्रकार की हिंसा और भेदभाव को समाप्त करने हेतु जागरूकता, महिलाओं की सुरक्षा एवं समग्र विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चित करने हेतु महिलाओं के समग्र विकास यथा महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, महिला हिंसा, महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, कौशल उन्नयन, डिजिटल साक्षरता आदि विषयों पर वहां उपस्थित प्रत्येक महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर सखी मंडला द्वारा जागरूक कर सभी को अपने अधिकारों के बारे में समझाईश दी गई।

वाहन की खुली नीलामी 27 दिसंबर को

मंडला यशोः- जिला योजना एवं सां यकीय कार्यालय मंडला के शासकीय अपलेखित वाहन क्र. एमपी-02-0885 जहां है, जिस हालत में है, उसी हालत में विक्रय हेतु खुली नीलामी का आयोजन 27 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से कार्यालय कले टर परिसर मंडला में किया गया है। नीलामी के संबंध में विस्तृत जानकारी कले ट्रेट की सदर नाजिर शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं नवीन पथ विक्रेता

मंडला यशोः- पीएम स्वनिधि योजना (शहरी पथ विक्रेता) अंतर्गत शहरी क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले पथविक्रेता (रेहड़ी, पटरी, फुटकर, सब्जी, फल, फूल, फुलकी चाट, सड़क किनारे बैठकर अन्य व्यवसाय एवं हाट बाजार, साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने वाले आदि) का नगरपालिका परिषद् मंडला में पंजीयन किया जा रहा है। पंजीकृत पथविक्रेता को 10 हजार रूपये का कार्यशील पूँजी ऋण (बिना ब्याज का) एवं 10 हजार रुपये ऋण अदा कर चुके हितग्राहियों को राशि 20 हजार एवं उसके बाद 50 हजार का ऋण शासन द्वारा बैंकों के माध्यम से प्रदाय किया जा रहा है। इस संबंध में समस्त पथ विक्रेता आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, समग्र आइडी, पासबुक, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर लेकर पंजीयन केंद्र-शहरी आजीविका केंद्र, नगरपालिका कॉ प्ले स, जिला अस्पताल के सामने एवं एनयूएलएम कार्यालय, नगरपालिका मंडला अथवा किसी भी एमपी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन कर सकते हैं।

आज जहरमऊ पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

प्रधानमंत्री के संबोधन का होगा सीधा प्रसारण

मंडला यशोः- केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये मध्यप्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा आज 9 दिसंबर को प्रातः 11 बजे नैनपुर विकासखंड के ग्राम जहरमऊ पहुंचेगी। इस दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक मंडला संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राही उपस्थित रहेंगे।

बीज, खाद एवं कीटनाशक की उच्च गुणवत्ता हेतु कृषि विभाग का सघन अभियान

मंडला यशोः- मण्डला जिले के नगरपालिका, नगर पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र में बीज, उर्वरक, कीटनाशक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों से गुणवत्ता परिक्षण हेतु नमूने लेने एवं निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित कार्य स पादित करने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है। जिसके तहत आर.डी. जाटव प्रभारी अधिकारी, डी.के. बारस्कर उप प्रभारी सहायक संचालक कृषि, मुकेश कुलस्ते प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तर पर 9 निरीक्षक दल द्वारा जिले के कृषि आदान विक्रेताओं के दुकानों का निरीक्षण कर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाओं के नमूने लिये जा रहे हैं। बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के 88 नमूने प्रयोगशालाओं में जांच हेतु भेजे गये हैं। अनियमितता जाने पर विक्रेताओं के दुकान पर विक्रय प्रतिबंध लगाकर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कृषकों के लिये यूरिया 266 रूपये प्रति बैग, डीएपी. 1350 रूपये प्रति बैग तथा एनपीके 1470 रूपये प्रति बैग दर निर्धारित है। निर्धारित दर से अधिक में विक्रय किए जाने पर विक्रेता पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। खाद, बीज या कीटनाशक संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि मण्डला में स्थापित कंट्रोल रूम नंबर 7898630098 में दर्ज कर सकते हैं।

विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के दौरान कार्यक्रम

मंडला यशोः- एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में समुदाय के लोगों के साथ एचआईव्ही एड्स जागरूकता कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी के द्वारा समुदाय के लोगों से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के दौरान सवाल किये गए, जहाँ समुदाय के लोगों ने एचआईव्ही पर उचित उत्तर देकर पुरुष्कार प्राप्त किया, जिससे समुदाय के लोगों में उत्साह देखने को मिला।

आकांक्षा योजना ने पूरी की नेहा की आकांक्षा

जिला प्रशासन ने की संवेदनशील मदद

मंडला यशोः- ग्राम डिठौरी में रहने वाली आदिवासी परिवार की नेहा कुड़ापे के सपनों को पूरा करने में मध्यप्रदेश सरकार की आकांक्षा योजना मददगार साबित हुई है। नेहा ने प्री वेटनरी एण्ड फिशरीज टेस्ट की परीक्षा में 1017 वी रैंक प्राप्त कर जबलपुर के वेटनरी कॉलेज में प्रवेश पाने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय मंडला की छात्रा नेहा कुड़ापे पिता भारतलाल कुड़ापे का मध्यप्रदेश सरकार की आकांक्षा योजना के तहत नीट परीक्षा की तैयारी के लिए चयन हुआ था जिसके आधार पर उसे जबलपुर में कोचिंग दिलवाई गई। नेहा ने प्री वेटनरी एण्ड फिशरीज टेस्ट की परीक्षा में 1017 वा रैंक प्राप्त किया।

प्रशासन ने निभाई अभिभावक की भूमिका

चयन के उपरांत नेहा को वेटनरी कॉलेज जबलपुर में प्रवेश संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने में असमर्थ थी। ऐसी स्थिति में उसने कले टर डॉ. सलोनी सिडाना से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया। कले टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा की तथा संवेदनशीलता से मदद करते हुए नेहा के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। जिला प्रशासन ने अभिभावक की भूमिका निभाई तथा नेहा के प्रवेश से जुड़ी सभी बाधाओं को दूर किया। प्रवेश के उपरांत नेहा कुड़ापे और उनके परिजनों ने आकांक्षा जैसी महत्वपूर्ण योजना के संचालन के लिए शासन को तथा जिला प्रशासन द्वारा किए गए आत्मीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नवनिर्वाचित विधायक रजनीश सिंह ने जन आभार यात्रा निकालकर किया मतदाताओं का धन्यवाद

छपारा नगर में हुआ जगह जगह भव्य स्वागत,

छपारा यशोः- विधानसभा चुनाव 2023 में केवलारी विधानसभा से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर ने अपनी जीत के बाद गृह ग्राम बर्रा से 8-10 दिसंबर दो दिनों की जन आभार यात्रा की शुरुआत की जिसमें अपने गांव पर स्थित मां देवी मंदिर पर पूजन अर्चन करने के बाद एन एच 44 फोरलेन से लगे ग्राम सादक सिवनी, छपारा कलां, छपारा खुर्द में सभी क्षेत्रीय जनों का आभार व्यक्त करते हुए दोपहर लगभग 2~30 बजे नगर में आगमन हुआ जहां बस स्टैंड पहुंच ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ताओं

के साथ विशाल आभार जुलूस निकाला गया जुलूस का नगरवासियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने रजनीश सिंह का जगह-जगह आत्मीय स्वागत के साथ जगह-जगह पर फलों एवं मिठाइयों से तो ले गए जुलूस मु य मार्ग होते हुए बाजार स्थित झंडा चौक में पहुंचा जहां नवनिर्वाचित क्षेत्रीय विधायक के द्वारा भारी मतों से विजय कराए जाने पर सभी क्षेत्रीय जनों आभार उद्बोधन रजनीश हरवंश सिंह ठाकुर द्वारा दिया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व विधायक रमेश चंद जैन वरिष्ठ कांग्रेसी सूरज लाल बंजारा, शरद जैन, श्री चंद अवधिया, गुलाब साहू ,आरिफ पटेल रमेश चौहान, नितिन जैन राजा ठाकुर, मंडलम अध्यक्ष आनंद नारायण तिवारी चंद्रशेखर श्रीवात्री, प्रदीप श्रीवास्तव अखिलेश सोनी सुरजीत सिंह,श्याम सुंदर अवधिया, लक्ष्मण सिंह, बिलाल अंसारी, गजेंद्र सिंह चौहान, भारत जैन, रामेश्वर बंजारा, मिंटू ठाकुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष तबस्सुम अंसारी,हेमलता कौशले, पार्षदगण सोनल श्रीवात्री, फैयाज खान प्रीति ठाकुर, हेमलता सोनी सोमनाथ अवधिया,मनोज शिवे, फैयाज खान सहित समस्त कांग्रेस जन बड़ी सं या में उपस्थित रहे

"शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना" में प्री-मेट्रिक आवेदन की तिथि बढ़ाई

अब 31 दिस बर तक कर सकेंगे आवेदन

भोपाल । शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिये ÷शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना÷ में लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र प्री-मेट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल http://scholarships.gov.in पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिस बर 2023 कर दिया गया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पूत्र-पूत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा 1 से उच्च शिक्षा गृहण करने पर छात्रवृत्ति/ गणवेश की राशि 1000 रूपये अधिकतम 25000 रूपये स्वीकृत की जाती है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि औषधालय भोपाल ने बातया कि नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने और पात्रता संबंधित जानकारी और अन्य शर्तें देखी जा सकती है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वच्छ एवं पठनीय प्रतियाँ संलग्न करे। आवेदन के बाद अपने अध्ययन शिक्षण संस्थान से संपर्क स्थापित कर आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन कर स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ही अग्रेषित करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के सत्यापन कराये जाने की जि मेवारी छात्र-छात्रा की होगी। ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी अन्य किसी समस्या के समाधान के लिये जबलपुर मु यालय Email-wcjab@mp.gov.in पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम

मंडला यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते का 9 दिस बर को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कुलस्ते शनिवार को प्रातः 9 बजे पेंच अ यारण सिवनी से रवाना होकर प्रातः 10 बजे जहरमऊ पहुंचेंगे वे 11 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। श्री कुलस्ते दोपहर 3 बजे जहरमऊ से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा शाम 4 बजे मंडला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे रात्रि 8 बजे मंडला से जेवरा के लिए रवाना होंगे एवं रात्रि 9 बजे जेवरा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। श्री कुलस्ते 10 दिस बर 2023 को प्रातः 10 बजे जेवरा से कालपी के लिए रवाना होंगे तथा प्रातः 10:45 बजे कालपी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री कुलस्ते दोपहर 1:45 बजे कालपी से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के लिए 31 दिस बर तक लिए जाएंगे आवेदन

मंडला यशोः- भारत सरकार द्वारा मत्स्य पालन के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना प्रारंभ की गई है। इसका मु य उद्देश्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, गुणवत्ता तकनीकी आधारभूत संरचना एवं प्रबंधन के अंतर को कम करना मूल्य श्रंखला का आधुनिकीकरण एवं सुदृढीकरण करना, मत्स्य पालन प्रबंधन ढांचा की स्थापना तथा मछुआरों एवं मत्स्य कृषकों की आय को बढ़ाना है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि इस योजना में विभिन्न योजनाएं जिसमें मत्स्य बीज उत्पादन हेतु बीज उत्पादन हैचरी की स्थापना, नवीन मत्स्यबीज संवर्धन हेतु पोखर, तालाब का निर्माण, नवीन तालाब का निर्माण, मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस मछली पालन, तिलापिया मछली पालन हेतु इनपुट्स की व्यवस्था, जलाशय में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन रंगीन मछलियों की ब्रीडिंग एवं रियरिंग के लिए इकाई की स्थापना, पुनः संचारी जल कृषि प्रणाली (आर.ए.एस.) की स्थापना, बायो लोक की स्थापना, आईस बॉ स युक्त मोटर साईकिल, साईकिल, मछली बिक्री हेतु ई-रि शा रेफ्रीजरेटर ट्रक, जलाशय में केज, पेन स्थापना, फिश फीड मील प्लांट, मछली` योस्क का निर्माण, आईस प्लांट स्थापना इत्यादि शामिल है। उक्त योजना में अनुसूचित जन जाति, अनुसूचित जाति एवं महिला वर्ग के हितग्राहियों को इकाई लागत का 60 प्रतिशत एवं सामान्य वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए 31 दिसंबर 2023 तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं।

सिंगारपुर में जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मंडला यशोः- आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी वार्षिक खेल कलेंडर वर्ष 2023-24 अनुसार व सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग मंडला के आदेशानुसार विभागीय जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता (अंडर 17 , 19 वर्ष बालक बालिका) का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर के होंडा खेल मैदान में दिनांक 04 दिसंबर से 05 दिसंबर 2023 तक दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर प्राचार्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जे एस उइके , सिंगारपुर सरपंच श्रीमति अंजली मरावी , उपसरपंच श्री राजेश चक्रवर्ती, नारायण भवेदी पूर्व प्रभारी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय मोहगांव , श्री मंगल सिंह पंद्रे जिला क्रीड़ा अधिकारी , श्री जय बैरागी , पीटीआई डी एस ठाकुर , पीटीआई एस एस परते, सचिव श्री गोपाल सिंह धुर्वे और अन्य अतिथियों के द्वारा एथलेटि स प्रतियोगिता का शुभारंभ मा भारती के पूजन कर किया गया । अतिथि स्वागत कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे एस उइके का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी मंगल पंद्रे , सरपंच महोदया का स्वागत सरला चौधरी , उपसरपंच महोदय का स्वागत महेश

सरोते , पूर्व प्रभारी प्राचार्य उत्कृष्ट मोहगांव नारायण भवेदी का स्वागत पीटीआई डी एस ठाकुर और जिला क्रीड़ा अधिकारी मंगल सिंह पंद्रे का स्वागत पीटीआई अशोक वरकड़े तथा जिले सभी विकासखंडो से टीम लेकर आए सभी पीटीआई और शिक्षकों अन्य मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्प माला , केप और बैच लगाकर किया गया । अतिथियों के स मान में विद्यालय के छात्राओं द्वारा शानदार लोकनृत्य की प्रस्तुति की गई।

जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ी छात्र छात्राओं ने भाग लिए । प्रतियोगिता का आगाज 800 मीटर दौड़ से हुआ जिसमे सरपंच महोदया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई । अतिथियों का स मान विभाग की ओर से जिला क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

इस जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगारपुर प्राचार्य व विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा प्रतियोगिता के संयोजक श्री जे एस उईके , सरपंच अंजली मरावी , उपसरपंच राजेश चक्रवर्ती ,पूर्व प्रभारी प्राचार्य नारायण भवेदी , जिला क्रीड़ा अधिकारी मंगल सिंह पंद्रे, जय बैरागी , सरला चौधरी की उपस्थिति में प्रतियोगिता आगाज किया गया । इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न विद्यालयों से छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता में स मिलित कराने व प्रतियोगिता को संपन्न कराने ड्यूटी मे एस एस परते पीटीआई बीजाडांडी, डी एस ठाकुर पीटीआई नैनपुर , अवध पटेल पीटीआई ककैया बिछिया, लीला सिंह पंड्रो पीटीआई खेल परिसर कालपी बीजादांडी, महेश मरावी पीटीआई पाठासिहोरा नैनपुर, सतीष कार्तिकेय पीटीआई बिछिया, रामनाथ धुर्वे पीटीआई मवई, रमा परते पीटीआई मोहगांव, देवेंद्र सरोते डीएसके एकेडमी मंडला, विक्रम उइके बीजाडांडी, जगत मरकाम घुघरी,दीपा रघुवंशी मंडला उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में हेतु हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारपुर से सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने वाले शिक्षक जिन्होंने प्रतियोगिता में अपनी महत्वपूर्ण सहयोग किए हैं जिनमें जय बैरागी , महेश सरोते, जब्बार खान,नंदू परस्ते, गणेश परते, र मू कुर्मेश्वर , अशोक धुर्वे, पर्वत तेकाम, हेमंत वरकड़े, सुखलाल सैयाम, हीरा भारतीया , भक्ति लाल कल्चुरी, चंद्र सिंह मसराम, मुकेश शिवरे, दानेंद्र मरावी, देवेंद्र सिंह मार्को , मनोज कुडापे एवं ग्राम पंचायत सचिव गोपाल सिंह धुर्वे का इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में सहयोग किए हैं।

जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता में सिंगारपुर विद्यालय के 19 छात्र छात्राओं का चयन क्षेत्र/ संभाग स्तरीय प्रतियोगिता कुरई जिला सिवनी के लिए हुआ है। विभागीय जिला स्तरीय एथलेटि स प्रतियोगिता का संचालन पीटीआई अशोक वरकड़े के द्वारा किया गया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297